INDIAN SCHOOL SALALAH
2^{nd} TERM EXAMINATION, MARCH - 2019
2^{nd} LANGUAGE HINDI

CLASS: VI **TIME: 2½ Hrs.**

MAX. MARKS: 80

कुल प्रश्न: 22 कुल पृष्ठ: 5

खण्ड - क

01. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-

मोहन उदास बैठा हुआ था। माँ ने उसकी उदासी का कारण पूछा। तब मोहन ने रोते हुए बताया कि उसने परीक्षा के लिए बहुत मेहनत की थी, फिर भी उसका परिणाम अच्छा नहीं निकला। उसे लगने लगा है, कि उसके भाग्य में सफलता है ही नहीं। माँ ने उसे समझाया कि इंसान को कभी भी असफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए। जिस तरह किसान खेत में फसल बोता है। वह दिन-रात मेहनत करता है, किंतु कभी-कभी अचानक बाढ़ या सूखा पड़ने के कारण उसकी सारी फसल नष्ट हो जाती है। किसान फिर भी हार नहीं मानता। वह दोबारा अपने खेतों की देख-रेख शुरू कर देता है, केवल इस विश्वास पर कि एक दिन उसके खेत फिर से लहलहा उठेंगे। माँ ने कहा- मोहन तुमने परीक्षा की तैयारी केवल अंतिम दिनों में की थी, इसलिए तुम्हें सफलता नहीं मिली। यदि तुम किसान की तरह पूरे साल परिश्रम करते तो आज परीक्षा का परिणाम अवश्य अच्छा होता।

प्रश्न-

क. परीक्षा परिणाम देखकर मोहन को क्या लगने लगा? 1

ख. किसान किस विश्वास से खेतों की देखभाल करता है? 2

ग. माँ ने मोहन को सफलता न मिलने का क्या कारण बताया? 2

02. निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए - **1**

प्रसन्न, स्वीकार

03. निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलिए - **1**

घड़ी, कन्या

04. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - **1**

क. हित चाहने वाला **ख.** जो वन में घूमता हो

05. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची लिखिए - **2**

जल, गाँव

06. संबंध बोधक शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए - **2**

क. स्कूल ----------- मैदान है।

ख. घर --------------- बगीचा है।

ग. पेड़ ---------------- बच्चे खेल रहे हैं।

घ. सोहन समुद्र ----------- चल रहा था।

07. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए - **2**

क. चेहरा खिल जाना **ख.** मन मार कर रह जाना

08. रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद लिखिए - **2**

क. सुधीर **ईमानदार** है।

ख. आम **मीठा** है।

ग. **चार किलो** मिठाई लाइए।

घ. **तीन** बच्चे खेल रहे हैं।

09. उचित कारकों से वाक्य पूरे कीजिए - **2**

क. आसमान ----------------- पानी बरसा।

ख. गोपाल --------------- कहानी सुनाई।

ग. लता, सुनिल ---------------- बेटी है।

घ. तालाब ----------- कमल खिला है।

10. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए – **2**

क. दादीजी धीरे-धीरे चलती हैं।

ख. बिल्ली बाहर भाग गई।

ग. मनोज कल ओमान आएगा।

घ. अनिल बहुत बोलता है।

11. पिकनिक जाने की अनुमति माँगते हुए माँ और बेटे के बीच **संवाद** लिखिए। **5**

12. सलालाह आने का निमंत्रण देते हुए दादाजी को **पत्र** लिखिए। **5**

अथवा

व्यायाम का महत्व बताते हुए छोटे भाई को **पत्र** लिखिए।

13. किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

क. प्रदूषण **ख.** परिश्रम का महत्व **ग)** मेरा मन पसंद खेल

14. चित्र देखकर उसका वर्णन लगभग 80 शब्दों में कीजिए- **5**

खण्ड -ख

15. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए - **3x1=3**

क्रिसमस, व्यापारी, अध्यापक

16. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **3x1=3**

क. डॉक्टर का नाम ------------------- था।

ख. यमुना नदी में बहुत सारी -------------- मर गईं।

ग. कांचीपुरम का प्राचीन नाम ------------------- है।

17. **किसने कहा किससे कहा -** **3x1=3**

क. मैं भी चाहता हूँ कि तुम यमुना के तट पर जाओ।

ख. विज्जू तू! तुझे नहीं पहचानूँगा? कब आया तू?

ग. गुरूजी सबको ले चलिए। मेरा बड़ा मकान खाली पड़ा है।

18. **काव्यांश की पूर्ति कीजिए -** **3x1=3**

हो परिचित या परिचय विहीन;
तुम जिसे समझते रहे बड़ा

तो सख्त बात कह उठने की
तेरी जिह्वा से हो न भूल।

19. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

होली में कजली गाने को फिर ललचाया मन
आज कहाँ से फिर आ पहुँचा फागुन में सावन
हरियाली का स्वप्न थिरकने लगा पुतलियों में
अलियों का उन्माद कि शोखी आई कलियों में
तपन बिना क्या मूल्य तुम्हारा जीवन धन रस घन
आज कहाँ से फिर आ पहुँचा फागुन में सावन।

प्रश्न-

क. कब कजली गाने का मन करता है? 1

ख. तपन बिना क्या मूल्य तुम्हारा - का क्या अर्थ है 2

20. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -** **5x1=5**

क. पंडित चंद्रधर, मुंशीजी और ठाकुरजी के व्यवहार को क्यों सहन करते थे?

ख. तमिलनाडु को मंदिरों का राज्य क्यों कहा जाता है?

ग. प्रेम का प्रभाव किस-किस पर पड़ता है?

घ. काका दूसरे गाँव क्या करने गए थे?

ड. तमिलनाडु में किस प्रकार के पशु-पक्षियों को संरक्षण प्राप्त है?

21. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-40 शब्दों में लिखिए -** **5x3=15**

क. आगरा का चमड़ा जूता व्यवसाय किस प्रकार यमुना के जल को प्रदूषित करता है?

ख. कन्याकुमारी की रेत तीन अलग-अलग रंगों की है इसका पौराणिक तथा वैज्ञानिक आधार क्या है?

ग. स्नेह और प्यार में बहुत शक्ति होती है- कविता के आधार पर लिखिए?

घ. पिताजी की बात सुनकर मोहित ने क्या निश्चय किया?

ड. मुसाफिरों ने दारोगा जी को जगह क्यों नहीं दी?

22. **सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

क. आलियाखिन और उसकी पत्नी क्यों तैयार हो रहे थे ? **1**

ख. वेनका ने कोसों दूर बैठे दादाजी के बारे में क्या सोचा? **2**

ग. बालश्रम से आप क्या समझते हैं? लिखिए। **2**